
# न्यायाधीश ने किया सखी सेंटर का मासिक निरीक्षण

**राजसमंद, (निसं)।** जिला प्राधिकरण अध्यक्ष राघवेन्द्र काछवाल के निर्देशानुसार प्राधिकरण सचिव संतोष अग्रवाल ने आरके अस्पताल में संचालित वनस्टॉप सेंटर का मासिक निरीक्षण किया। प्राधिकरण सचिव अग्रवाल ने बताया कि सेंटर में आवासरत एक बालिका का बयान के लिए जाना बताया।

सेंटर पर आश्रयरत महिलाओं/बालिकाओं के लिए दैनिक उपयोग की वस्तुएं यथा साबुन, तेल, टूथपेस्ट इत्यादि उपलब्ध होना बताया। सफाई व्यवस्था संतोषजनक पाई गई।

■ **निरीक्षण में गृह की सफाई व्यवस्था संतोषजनक मिली**

वन स्टॉप सेंटर पर कुल 15 कार्मिकों की संख्या है जिनमें से 4-4 कार्मिकों की ड्यूटी शिफ्टवार लगाई जाती है। गृह में आश्रयरत बालिकाओं के लिए भोजन की आवश्यकता होने पर भोजन अन्नपूर्णा रसोई से मंगवाना बताया। गृह में फर्स्ट एड बॉक्स सुविधा उपलब्ध है। सेंटर पर सुरक्षा के लिए लगाए गए सीसीटीवी कैमरे क्रियाशील अवस्था में पाए गए एवं स्वच्छ पेयजल के लिए कैंपर की सुविधा उपलब्ध है। प्राधिकरण सचिव संतोष अग्रवाल ने राजकीय किशोर एवं बाल संप्रेक्षण गृह का मासिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।


बाल संप्रेक्षण गृह एवं जिला कारागृह का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेते प्राधिकरण सचिव।

अग्रवाल ने गृह की आधारभूत संरचना एवं उपलब्ध संसाधनों, स्टाफ व्यवस्था, प्रकरणों की स्थिति आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। निरीक्षण के समय कुल 15 बालक आवासरत पाए गए। किशोरों से वार्ता की गई सभी ने अपने मामलों में अधिवक्ता द्वारा पैरवी किया जाना बताया। गृह की सफाई व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। भोजन व्यवस्था के प्रति बालकों ने संतोष व्यक्त किया। मीनू अनुसार बालकों को भोजन दिया जाना सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए। बालकों का 4 अक्टूबर को डॉ रोहित कटारिया द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण करना बताया। सभी बालक स्वस्थ हैं। प्राधिकरण सचिव संतोष अग्रवाल ने बुधवार को जिला कारागृह का निरीक्षण कर कारागृह की भोजन, सफाई, आवास, सुरक्षा इत्यादि व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अग्रवाल ने बताया कि निरीक्षण के समय कारागृह में कुल 117 बंदी निरुद्ध मिले।

नवीन प्रवेशित बंदियो से संवाद किया गया, सभी ने अपने प्रकरण में पैरवी के लिए अधिवक्ता नियुक्त होना बताया। कारागृह में एक बंदी कद काठी से नाबालिग प्रतीत होना पाया, जिसके उम्र संबंधी दस्तावेजों की जांच करने के लिए पुलिस थाना थानाधिकारी, कांकरोली को पत्र जारी किया गया।

## सार-समाचार

### जागरूकता सत्र आयोजित



**उदयपुर,** (कासं)। वेदांता समूह और देश की एकमात्र एकीकृत जिंक, लेड और सिल्वर उत्पादक कंपनी हिंदुस्तान जिंक, द्वारा विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर जागरूकता सत्रों का आयोजन किया गया। इन सत्रों के माध्यम से स्कूली विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जानकारी प्रदान की गयी। हिन्दुस्तान जिंक के स्वास्थ्य सेवा परियोजना के तहत् ये कार्यक्रम इकाइयों के संचालन क्षेत्र के आस पास के क्षेत्रों में आयोजित किया गया। जिंक स्मेल्टर देबारी द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, देबारी में मानसिक स्वास्थ्य सत्र का आयोजन किया गया। इसमें जीवन कौशल विकास का महत्व, युवाओं में मोबाइल की लत और मानसिक स्वास्थ्य जैसे विषयों पर चर्चा की गई। सत्र का संचालन मनोचिकित्सक, चेतस अस्पताल और अनुसंधान केंद्र उदयपुर डॉ. आर. के. शर्मा, मनोवैज्ञानिक एवं रोटेरियन दिव्या शर्मा और से नो टू तंबाकू अभियान की अध्यक्ष संगीता शर्मा ने किया। सत्र के दौरान उप सरपंच देबारी चंदन सिंह, अध्यक्ष, रोटरी क्लब यूथ यश कुमावत और सचिव, रोटरी क्लब यूथ अमित जैन उपस्थित थे। इसमें 24० छात्र, 10 शिक्षक और 50 बी.एड. प्रशिक्षु शामिल हुए। प्रशिक्षक ने चिंताओं के बारे में जागरूकता के लिए समूह चर्चा और केस स्टडी पद्धति जैसी तकनीकों का उपयोग किया।

### कालिका माता मेले में उमड़ी भीड़

**भीण्डर,** (निसं)। शारदीय नवरात्रि पर्व के तहत भीण्डर एवं आसपास क्षेत्र के शक्तिपीठ व देवालयों में विविध आयोजन हो रहे है। वहीं नगर के प्रमुख स्थानों पर रात्रि को गरबा रास का आयोजन भी धूमधाम से हो रहा है। नगर के प्रसिद्ध बीजासर माता, कालिका माता, वनखण्डेश्वरी माता, अम्बा माता, राठौड बावजी गुन्दी वाले जूनी भीण्डर, भदेरिया भेरुजी देवालय, चकतिया बावजी, पिपलीया बावजी, काली कल्याण धाम सहित विभिन्न स्थानों पर नवरात्रा पर्व के तहत दूर्गा पाठ आयोजित किए जा रहे है। वहीं नृसिंह भगवान मन्दिर, बगीची वाले हनुमान मन्दिर, दवेला पाल स्थित हनुमान मन्दिर पर अखण्ड रामायण पाठ जारी है। भीण्डर के प्रसिद्ध कालिका माता शक्तिपीठ पर अष्ठमी के अवसर पर गुरूवार को दो दिवसीय मेला शुरू हुआ। जिसमें नगर सहित आसपास क्षेत्र के सैकडों श्रद्धालु मेले का आनन्द लेने के लिए पहुंचे। वहीं रात्रि जागरण व हवन का भी आयोजन हुआ, जिसमें दर्शन करने के लिए भक्तों का तांता लगा।

### कन्या पूजन किया



**बांसवाड़ा,** (निसं)। नवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में महाविद्यालय, विद्यालयों एवं विभिन्न संस्थाओं में गरबा प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ पारम्परिक वेशभूषा में अपनी भागीदारी निभाई। भारतीय विद्या मंदिर शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में नवरात्रि के उपलक्ष्य में गरबा प्रतियोगिता संस्थान सचिव शांतिलाल सेठ की अध्यक्षता, गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय के उप कुल सचिव प्रो. लक्ष्मण लाल परमार व विश्वविद्यालय में अकादमिक प्रभारी डॉ. राकेश डामोर के आतिथ्य में हुई। प्रतियोगिता का आगाज मां दुर्गा के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन तथा संकाय सदस्य डॉ. हेमेन्द्र त्रिवेदी के माताजी के आव्हान स्वरुप की गई स्तुति से हुआ। प्राचार्य डॉ. विशाल उपाध्याय ने स्वागत करते हुए नवरात्र की शुभकामनाएं दी।विद्या निकेतन प्राथमिक विद्यालय राजमंदिर में नवरात्रि महोत्सव पर कन्या पूजन किया गया।

### निरीक्षण के दौरान मिली खामियां

**मंडफिया,** (निसं)। भदेसर उपखंड अधिकारी ऋषि सुधांशु पांडे शिक्षा को लेकर सजग दिखाई दे रहे हैं एवं उनके द्वारा पदभार ग्रहण करने के पश्चात विभिन्न विद्यालयों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। भदेसर उपखंड अधिकारी ऋषि सुधांशु पांडे के द्वारा भदेसर उपखंड क्षेत्र के आक्या ग्राम पंचायत के नरबदिया गांव स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में अनेक कमियां पाई गई जिस पर उन्होंने गहरी नाराजगी व्यक्त की। निरीक्षण के दौरान पोषाहार कक्ष का निरीक्षण किया गया जिसमें पोषाहार कक्ष अवस्थित पाया गया वहीं पूरे पोषाहार कक्ष में जगह-जगह मकडी के जाले पाए गए साथ ही राशन सामठी के अंदर जाले इंलिया एवं मूषक ( चुहो )का मल पड़ा हुआ मिला।

### कार्यशाला आज

**उदयपुर,** (कासं)। पर्यावरण संरक्षण एवं ईको टूरिज्म के क्षेत्र में कार्यरत ग्रीन पीपल सोसायटी के तत्वावधान में महासीर मछली के संरक्षण एवं ईको टूरिज्म पर कार्यशाला 11 अक्टूबर की वन भवन के सभागार में होगी। कार्यशाला में मुख्य वक्ता गोल्डन महासीर ब्रीडिंग सेंटर नामेरी के निदेशक एवं विशेषज्ञ प्रो. अतुल बोरगोहेन होंगे।

# महाअष्टमी पर्व आज

**डूंगरपुर,** (निसं)। शारदीय नवरात्रि की धूम मची है। दिनभर माता के अनुष्ठानों के बाद रात होते ही गुजराती गरबा की धुनों पर डांडिया के साथ कदम थिरक रहे हैं। युवक-युवतियां, महिलाएं और पुरुष के साथ बच्चे भी रंग बिरंगे ड्रेस के साथ गरबा की धुनों पर देर रात तक नाचते दिखाई दे रहे हैं। शारदीय नवरात्रि को लेकर गुरुवार को सप्तमी मनाई जा रही है। महासप्तमी पर जिले के कई देवी के मंदिरों, शक्तिपीठ और गरबा पांडाल में अनुष्ठान के साथ दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं की भीड लग रही है। निठाउवा के आशापुरा माता धाम, आसपुर के विजवा माता धाम, गलियाकोट शीतला माता मंदिर सहित कई देवी के मंदिरों में सप्तमी को लेकर विशेष पूजा अर्चना की गई। दर्शनों के लिए सुबह से भक्तों की लाइन लगी। वहीं बुधवार रात को गरबा पांडाल रंग बिरंगी रोशनी से आकर्षित करने लगे।

# श्री चक्र भवानी मां को लगाया पांच क्विंटल दूध की खीर का भोग

**कानोड़,** (निसं)। निकटवर्ती प्रमुख श्री चक्र भवानी शक्तिपीठ बड़वाई पर शारदीय नवरात्रि को लेकर अनुष्ठानों का दौर बीते 8 दिन से जारी है, इसी के तहत शुक्रवार को मंदिर परिसर में आचार्य पंडित भगवती लाल भट्ट के निर्देशन में यज्ञ हवन का आयोजन किया गया वहीं मां को 5 क्विंटल दूध की खीर का भोग लगाया गया।

खीर के प्रसाद को गांव के सभी बाल गोपाल के साथ ही बाहर से आने वाले मेहमानों को वितरित किया गया। वर्षों से चली आ रही परंपरा के अनुसार अष्टमी के दिन पूरे गांव का दूध मां के दरबार में एकत्र होता है , जिसकी खीर बनाई जाती है इस दिन गांव से दूध बाहर बेचा नहीं जाता है, न हीं कोई दूधिया गांव में आता है , हर घर से दूध मां के प्रांगण में पहुंचता है जिसे मंदिर मंडल द्वारा एकत्र किया जाता है जिसके बाद सभी दूध की बड़े पात्रों में खीर बनाई जाती है ।


शारदीय नवरात्रि को लेकर प्रसाद के लिए खीर बनाते

किंवदंतियों के अनुसार दशकों पूर्व श्री चक्र भवानी मां की प्रतिमा बैलगाडी से उज्जैन महाकाल से उदयपुर राज दरबार ले जाई जा रही थी इस दौरान बड़वाई में आज जहां प्रतिमा स्थापित है उसी के पास मुख्य रास्ते पर यह प्रतिमा बेलगाडी से खिसक कर नीचे गिर गई लेकिन जब प्रतिमा को राजघराने के लोगों द्वारा यहां से ले जाना चाहा लेकिन लाख कोशिश के बावजूद प्रतिमा नहीं उठ पाई, इसके बाद ग्रामीणों ने प्रतिमा को गांव में ही वटवृक्ष के नीचे स्थापित कर दिया था आज उसी वटवृक्ष के पास एक भव्य मंदिर बना है, दूसरी मां श्री चक्र भवानी की प्रतिमा उज्जैन में चक्र भवानी के नाम से आज भी मशहूर है जिसे मां चक्र भवानी की बहन कहा जाता है।

बड़वाई श्री चक्र भवानी शक्तिपीठ प्रांगण में वर्ष भर में नवरात्रि महोत्सव, पाटोत्सव सहित कहीं आयोजन होते हैं , यहां पर आस-पास ही नहीं मध्य प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र सहित दूर दराज के भक्त दर्शनों को पहुंचते हैं और अपनी मनोकामना पूर्ण करते हैं । मंदिर मंडल व ग्राम वासियों द्वारा इस भव्य आयोजन को मूर्त रूप दिया जाता है । मंदिर मंडल के मंत्री रवि श्रीमाली , उप मंत्री राजेश जोशी ने बताया कि 11 अक्टूबर को रात्रि 8:00 बजे रामायण जी की शोभायात्रा, 12 अक्टूबर शनिवार रात्रि 8:00 बजे मेवाड़ के सुप्रसिद्ध लोक कलाकारों द्वारा नाट्यय प्रस्तुत किया जाएगा।

## सार-समाचार

### तनाव प्रबंधन पर वर्कशॉप



**उदयपुर,** (कासं)। पेसिफिक मेडिकल यूनिवर्सिटी के पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल के मनोचिकित्सा विभाग एवं क्लीनिकल साइकोलॉजी विभाग के संयुक्त तत्वाधान में विश्व मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह के अर्न्तगत आज एमबीबीएस के विधार्थीयों के लिए तनाव प्रबंधन और सामना करने की रणनीतियों पर बर्कशॉप का आयोजन किया गया। वर्कशॉप का उद्घाटन पेसिफिक युनिवर्सिटी के प्रेसिडेंट डॉ.एम. एम.मंगल, डॉ.संगीता चौहान,डॉ.नीता साही, डॉ.रीतू भटनागर और डॉ.एस.जी.मेहता ने किया। इस अवसर पर मनोचिकित्सा विभाग के डॉ.एस.जी.मेहता ने मानसिक स्वास्थ्य के मंत्र के बारे में बताया और चिकित्सा पेशे में मानसिक स्वास्थ्य की बढ़ती चुनौतियों और खासकर डॉक्टर बनने की प्रक्रिया में तनाव प्रबंधन के महत्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान क्लीनिकल साइकोलॉजी विभाग के डॉ.दीपक कुमार सालवी ने माइंड फुलनेस के बारे में बताया एवं विद्यार्थियों को माइंड फुलनेस के कई अभ्यासों से परिचित कराया, जिसमें उन्होंने रोजमर्रा की दिनचर्या में मानसिक स्पष्टता और वर्तमान में रहने की प्रैक्टिस करने पर जोर दिया, जिससे तनाव को कम किया जा सके । शैक्षिक सत्र में एमफिल प्रशिक्षुओं द्वारा एक प्रस्तुति दी गई, जिसमें उन्होंने तनाव के प्रकार,इसके शारीरिक और मानसिक प्रभावों, और प्रभावी तनाव प्रबंधन तकनीकों पर चर्चा की। यह सत्र काफी इंटरएक्टिव था, जिसमें कई अभ्यासों को शामिल किया गया, जिससे सीखने की प्रक्रिया को मजेदार और व्यावहारिक बनाया गया।विधार्थीयों को इस सत्र में सक्रिय रूप से भाग लिया । समापन सामूहिक शपथ ग्रहण के साथ हुआ, जिसमें सभी प्रति भागियों ने नशे और मादक पदार्थों से दूर रहने की प्रतिज्ञा ली।

### आत्म रक्षा प्रशिक्षण संपन्न

**देवगढ़,** (निसं)। अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक समठा शिक्षा अभियान राजसमंद एवं मुख्य खंड शिक्षा अधिकारी देवगढ़ के आदेशानुसार महात्मा गांधी उच्च प्राथमिक विद्यालय शास्त्री नगर में सात दिवसीय आत्म रक्षा कार्यक्रम का गुरुवार को समापन समारोह आयोजित किया गया।शिविर प्रभारी रावत नाहर सिंह बालिका स्कूल के प्रधानाचार्य भारती अरोड़ा , आर पी हरिसिंह रावत के मार्गदर्शन में दक्ष प्रशिक्षक पूनम चौधरी ,दीपिका राठौड ,गीता चौहान और ममता द्वारा आत्म रक्षा के गुर सिखाए जा रहे है। प्रशिक्षण के छठे दिन राजसमंद से ए डी ओ सर शिव कुमार व्यास ने शिविर का अवलोकन किया सभी प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि असामाजिक तत्वों से निपटने के लिए आत्म रक्षा प्रशिक्षण अत्यंत आवश्यक है ,हाथों को हथियार के रूप में इस्तेमाल करके ही हम विपरीत परिस्थिति में अपने आप को बचा सकते है ।शिविर प्रभारी अरोड़ा ने बच्चियों के लिए आत्मरक्षा को नितांत आवश्यक बताते हुए बताया कि मार्शल आर्ट्स के गुर सीखने पर हर बालिका में आत्म विश्वास और निडर होकर जीने का हौसला मिलेगा।

### जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**देवगढ़,** (निसं)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजसमंद के ए डी जे (न्यायाधीश) संतोष अग्रवाल व तालुका विधिक सेवा समिति देवगढ़ के न्यायिक मजिस्ट्रेट देवगढ़ पूनम मीणा के निर्देशन में गुरुवार को देवगढ़ तालुका व स्वादड़ी में विधिक जागरूकता का कार्यक्रम रखा गया। इस अवसर पर पैरालीगल वॉलिंटियर गमनसिंह सिसोदिया, व महिला सलाह सुरक्षा केंद्र (जतन संस्था) से जमना चौहान,दीपिका राठौड़ राशन डीलर त्रिलोक सिंह सिसोदिया, घीशा सिंह अन्य ग्रामवासी शामिल हुए और पैरालीगल वालंटियर गमन सिंह सिसोदिया के द्वारा विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर नालसा योजना के अंतर्गत मानसिक रूप से बीमार और मानसिक रूप से पीड़ित व्यक्तियों के लिए कानूनी सेवाएं योजनाएं 2015 और मानसिक स्वास्थ्य देखभाल अधिनियम 2017 से संबंधित विधिक जागरूकता कार्यक्रम एवं इन कार्यक्रमों में मानसिक बीमारी के संबंध में समाज में प्रचलित मिथको अंधविश्वासों से जादू टोना बुरी नजर आदि पर जोर दिया गया ऐसी प्रथाओं को जड़ से मिटाने की पहल की गई एवं आमजान को जागरूक किया गया।

### मोबाईल वेटेनरी यूनिट का शुभारम्भ

**बांसवाड़ा,** (निसं)। पशुओं के बीमार होने पर टोल फ्री नम्बर 1962 पर पशुपालक सूचना देकर निरूशुल्क उपचार का लाभ ले। उक्त उद्गार विधायक कैलाश चन्द्र मीणा ने तहसील स्तरीय खण्ड पशु चिकित्सा स्वास्थ्य कार्यालय गढी में संचालित मोबाईल वेटेनरी यूनिट के शुभारम्भ अवसर पर व्यक्त किये। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार की ओर से टोल फ्री नम्बर 1962 पर कॉल करते ही पशुपालक के द्वार चिकित्सा सुविधा मोबाईल वेटेनरी यूनिट बीमार पशु का उपचार करेगी। खंड पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपीका डामोर ने बताया क्षेत्र में मैपींग के आधार पर टोल फ्री नम्बर पर कॉल करने पर चिकित्सा टीम जिसमें पशु चिकित्सक, तकनिकी सहायक एवं सहयोगी सेवाएं प्रदान करेंगे। विधायक कैलाश मीणा ने वाहन पर स्वस्तिक बनाकर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर ब्लॉक अधिकारी डॉ. दीपीका डामोर, गणेशलाल यादव, लाभचन्द पटेल, भेमजी भाई पटेल, डॉ. जगदीश परिहार, डॉ. सतवीर चौधरी, बलवरी चरपोटा, भुपेन्द्र, पायलट विजय मकवाना, मनीष कुमार, पंकज आदि मौजूद रहे।

# तंबाकू के दुष्प्रभाव बताने के लिए स्कूलों में होगी विशेष गतिविधियां

**बांसवाड़ा,** (निसं)। जिले में चल रहे तंबाकू फ्री यूथ कैंपेन 2.0 के लिए जिला कलक्टर डॉ इंद्रजीत यादव ने जिला समन्वय समिति की बैठक ली। डॉ. यादव ने चिकित्सा विभाग को शिक्षा विभाग से समन्वय बैठाकर स्कूलों में अधिक से अधिक गतिविधियां करने के निर्देश दिये। उन्होंने बच्चों में धूम्रपान की बढती प्रवृति को लेकर चिंता जताते हुए कहा कि शिक्षक जिम्मेदारी ले कि कम से कम स्कूल परिसर के आस-पास कोई भी बालक गुटखा या तंबाकू खाते हुए नहीं मिले।

■ **जिला कलक्टर ने ली समन्वय समिति की बैठक**



जिला कलक्टर डॉ. इन्द्रजीत यादव ने आईईसी सामग्री का विमोचन किया।

डॉ. यादव ने कहा कि लगातार मॉनिटरिंग करेंगे तो बच्चों में भी इसके दुष्प्रभाव के संबंध में जनजागृति होगी और यह तंबाकू उत्पादों से दूरी बनाने में मदद करेगा। उन्होंने पुलिस विभाग से अधिक से अधिक चालान कार्यवाही करने की बात कीं। इसके लिए पुलिस अधीक्षक के माध्यम से सभी थानों में पत्र भी भेजा जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एचएल ताबियार ने तंबाकू फ्री यूथ कैंपेन की रूपरेखा बताई। उन्होंने कहा कि स्कूलों के माध्यम से शपथ, क्विज, चित्रकला प्रतियोगिता करवाई जा रही है। साथ ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से प्रचार प्रसार किया जा रहा है। शहर में अभियान को लेकर होर्डिंग, पोस्टर, सन बॉर्ड का प्रदर्शन भी किया जा रहा है। उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राहुल डिंडोर ने बताया कि अब तक स्कूलो में तंबाकू नियंत्रण के लिए नुक्कड नाटक भी करवाए गए है। साथ ही गांवों में माइकिंग द्वारा प्रचार प्रसार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अभियान को लेकर चालान एक्टिविट चिकित्सा संस्थानों में प्रभारियों द्वारा की जाएगी। सीएमएचओ कार्यालय की टीम भी चालान कार्यवाही करेगी। इस दौरान नियमों की पालना के लिए व्यापारियों में भी जागरूकता के कार्यक्रम किए जाएंगे। डीपीओ डॉ हेमलता जैन ने पीपीटी के माध्यम से तंबाकू नियंत्रण संबंधित एक्ट की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अभियान में तंबाकू उत्पादों के दुष्प्रभावों के संबंध में जनजागृति, तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान, तंबाकू मुक्त ग्राम, तंबाकू नियंत्रण अधिनियम की पालना और सोशल मीडिया के माध्यम से जनजागरूकता लाई जाएगी।

जिला कलक्टर डॉ इंद्रजीत यादव और अधिकारियों ने टोबेको फ्री यूथ कैंपेन 2.0 की प्रमुख गतिविधियों संबंधित आईईसी का विमोचन किया। इस दौरान आईईसी सीओ अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अब तक हुए कार्यो की जानकारी दी। जिला कलक्टर डॉ. यादव ने सभी को तंबाकू का सेवन नहीं करने और अपने परिचितों को भी तंबाकू उत्पादों से दूर रखने का संकल्प दिलाया। उन्होंने शिक्षा विभाग को निर्देश दिए कि सभी प्रार्थना सभाओं में तंबाकू सेवन नहीं करने की शपथ दिलवाई जाए। साथ ही डॉ. यादव ने कहा कि स्कूलों में हर सप्ताह में कम से कम एक बार तंबाकू के दुष्प्रभावों की जानकारी प्रार्थना सभा या स्कूल के छोटे-मोटे समारोह में भी दी जाए। सीएमएचओ डॉ. एचएल ताबियार ने बताया कि तंबाकू छोडने के लिए कोई भी व्यक्ति निशुल्क कॉल कर सकता है।

## देर रात तक खनकाएं डांडिये

**राजसमंद,** (निसं)। नवरात्रि के सातवें दिन बुधवार रात्रि में आयोजित गरबा महोत्सव परवान पर रहा। शहर में रॉयल गु प द्वारा द्वारकेश वाटिका में घंटों तक चले गरबा महोत्सव में बडी संख्या में पहुंचे लोगों ने गरबा नृत्य का भरपूर आनंद लिया वहीं दर्शक भी जमे रहे। पाण्डाल में विराजित माता की आरती के साथ शुरू हुए कार्यक्रम में कई राउंड चले जिनमें बच्चों से लेकर बडों सभी ने पूरी उमंग के साथ डांडिया नृत्य किया। आकर्षक परिधानों में सजकर डांडिया खेलते लोगों की वजह से अलग ही नजारा बन रहा था। पाण्डाल के चारों ओर देखने वालों की भारी भीड शुरू से आखिर तक बनी रही। रंगारंग डांडिया उत्सव में शहर वासियों ने पूरे उत्साह व जोश के साथ भागीदारी कर गरबा का आनंद ले रहे है। सैकडों महिला व पुरूष सदस्यों तथा बालक-बालिकाओं ने पारम्परिक वेशभूषा में सज-धज कर हिस्सा लेते हुए गरबा-डांडिया नृत्य किया। पंछीडा रे उडीने जईज्ये पावा गढ रे..., आज म्हारो गरबो घूमतो रे... जैसे गरबा गीतों पर सभी ने जमकर गरबा नृत्य का आनंद लिया। इसके तहत गरबा नृत्य, एकल गायन व एकल नृत्य आदि की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई। इस दौरान जिला परिषद सीईओ बृजमोहन बैरवा, द्वारकाधीश मंदिर अधिकारी भगवतीलाल पालीवाल, पूर्व प्रधान भानू पालीवाल, ग्रुप सरंक्षक महेन्द्र कोठारी, पूर्व सभापति सुरेश पालीवाल, जगदीश पालीवाल, हेमंत पालीवाल, विनित सनाढ्य, कपिल भाटिया, संस्कार पालीवाल सहित बडी संख्या में शहरवासी मौजूद थे।

# हर दस में से एक व्यक्ति को मानसिक रोग : डॉ. जीनगर


उदयपुर में गीतांजली मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के मनोरोग विभाग ने 'मानसिक रोग जागरूकता सप्ताह' का समापन गुरूवार को 'विश्व मानसिक दिवस' के साथ हुआ।

**उदयपुर,** (कासं)। गीतांजली मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के मनोरोग विभाग ने 'मानसिक रोग जागरूकता सप्ताह' का समापन गुरूवार को 'विश्व मानसिक दिवस' के साथ हुआ। मुख्य अतिथि डॉ राकेश व्यास कुलपति गीतांजली यूनिवर्सिटी, विशिष्ठ अतिथि डॉ मंर्जीदर कौर एडिशनल प्रिंसिपल थे।

मनोरोग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ जितेंद्र जीनगर ने अपने व्याख्यान में बताया कि भारत में लगभग 10ॢ लोग मनोरोग से पीड़ित हैं जिसमें से 70-80 प्रतिशत मरीज़ मनोचिकित्सकों के पास नहीं पहुंच पाते। देश में आज के समय में मनोचिकित्सकों की भारी कमी है। मानसिक रोग के बारे में अंधविश्वास और स्टिग्मा होने की वजह से मरीज़ मनोचिकित्सक के पास ना जाकर दूसरे डॉक्टरों को दिखाना पसंद करते हैं। डॉ? जीनगर ने बताया कि मानसिक रोग का इलाज करना ज़रूरी है क्यूकी इस में आत्महत्या करने की संभावना बढ़ जाती है, इंसान व्यक्तिगत जिम्मेदारियों को नहीं संभाल पाता एवं व्यक्तिगत जीवन के व्यापन में समस्याओं का सामना करता है, इसके साथ-साथ दूसरी बीमारियां जैसे हृदय रोग के होने का खतरा बढ़ जाता हैं और तो और नशे की तरफ़ जाने की प्रवृत्ति भीं बढ़ जाती है।प्रोफेसर डॉ. मनु शर्मा ने मानसिक रोग जागरूकता सप्ताह में हुए प्रत्येक दिन अलग-अलग कार्यक्रमों के बारे में बताया। 4 अक्टूबर को इसकी शुरुआत गीतांजली के प्रशासनिक विभाग के कर्मचारियों के लिए 'कार्यस्थल में समय प्रबंधन' विषय पर डॉ. जितेंद्र जीनगर की व्याख्यान से हुई। 5 अक्टूबर को पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें साहिल उपाध्याय, मूमल कुंवर राजपूत एवं रिदम माहेश्वरी को पुरस्कार दिया गया। 6 अक्टूबर को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए लगभग 150 डॉक्टरों ने साथ फतेह सागर पाल पर वॉक की। 7 अक्टूबर को डॉ जीनगर ने रेलवे प्रशिक्षण केंद्र उदयपुर में लगभग 900 कर्मचारियों को 'कार्यस्थल पर तनाव प्रबंधन' पर व्याख्यान दिया।